एनटीपीसी
NTPC

# अपने कॅरियर को दें नई उड़ान
# सशक्त राष्ट्र निर्माण के साथ!



एनटीपीसी लिमिटेड, 62,110 मेगावॉट की स्थापित क्षमता के साथ भारत का सबसे बड़ा विद्युत समूह है। हमारे देश की समृद्धि की चुनौतियों के साथ सहभागी एनटीपीसी 2032 तक कुल 130 गीगावॉट की स्थापित क्षमता हासिल करने के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना पर काम कर रही है।

एनटीपीसी को इलेक्ट्रिकल/मैकेनिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स/इंस्ट्रूमेंटेशन विषयों में थर्मल पॉवर प्लांट के शिफ्ट परिचालन हेतु **250 अनुभवी इंजीनियरों** और अपने स्टेशनों/परियोजनाओं हेतु **25 अनुभवी सहायक केमिस्टों** की आवश्यकता है, जिसके विवरण निम्नानुसार हैं :

## अ इंजीनियर (ई 2 ग्रेड, 250 पद)

### योग्यता

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से इलेक्ट्रिकल/मैकेनिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स/इंस्ट्रूमेंटेशन में न्यूनतम 60% अंक (अजा/अजजा/पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थियों के लिए उत्तीर्ण अंक) के साथ इंजीनियरिंग डिग्री। नीचे दिये गये चिन्हित विषयों में निर्धारित डिग्री वाले अभ्यर्थी ही संबंधित विषयों में आवेदन कर सकते हैं।

| विज्ञापित विषय | इंजीनियरिंग में निर्धारित डिग्री |
|---|---|
| इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग | इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रिकल–इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रिकल, इंस्ट्रूमेंटेशन–कंट्रोल/पॉवर सिस्टम्स–हाई वोल्टेज/पॉवर इलेक्ट्रॉनिक्स/पॉवर इंजीनियरिंग |
| मेकेनिकल इंजीनियरिंग | मेकेनिकल/प्रोडक्शन/इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग/प्रोडक्शन–इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग/थर्मल/मेकेनिकल–ऑटोमेशन/पॉवर इंजीनियरिंग |
| इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग | इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रॉनिक्स–टेलीकम्युनिकेशन/इलेक्ट्रॉनिक्स–पॉवर/पॉवर इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रॉनिक्स– कम्युनिकेशन/इलेक्ट्रिकल–इलेक्ट्रॉनिक्स |
| इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग | इलेक्ट्रॉनिक्स–इंस्ट्रूमेंटेशन/इंस्ट्रूमेंटेशन–कंट्रोल/इलेक्ट्रॉनिक्स इंस्ट्रूमेंटेशन–कंट्रोल |

### आवश्यक अनुभव और प्रोफाइल

मेन प्लांट थर्मल या मेन प्लांट गैस पॉवर प्लांट में परिचालन/रखरखाव/संस्थापन/निर्माण/इंजीनियरिंग में न्यूनतम 3 वर्षों का योग्यता उपरांत कार्यक्षम अनुभव (प्रशिक्षण अवधि के अतिरिक्त)। 3 वर्षों में अभ्यर्थी को कम से कम दो वर्ष पॉवर प्लांट साइटों में काम किया होना चाहिये।

### अधिकतम आयु सीमा

30 वर्ष

### वेतनमान

रु. 50,000 –1,60,000/– (ई 2 ग्रेड) रु. 50,000 के मूल वेतन पर

## ब : सहायक केमिस्ट (ई 1 ग्रेड, 25 पद)

### योग्यता

मान्यता प्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय/उपयुक्त वैधानिक प्राधिकरण द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से कुल अंकों में न्यूनतम 60% अंकों के साथ रसायन विज्ञान में एम.एससी। अजा, अजजा और पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थी उत्तीर्ण अंकों के साथ पद के लिए आवेदन करने के पात्र हैं।

### आवश्यक अनुभव और प्रोफाइल

वाटर ट्रीटमेंट प्लांट प्रक्रिया और जल विश्लेषण (आरओ प्लांट, डीएम प्लांट, प्री–ट्रीटमेंट प्लांट आदि), बॉयलर जल रसायन (बॉयलर जल उपचार और रसायनिक पैरामीटर का विश्लेषण) और जल शीतलन उपचार, ब्लक रसायनिक विश्लेषण का ज्ञान, विश्लेषणात्मक उपकरणों (जैसे स्पेक्ट्रोफोटोमीटर, ऑयन क्रोमैटोग्राफी, गैस क्रोमैटोग्राफी) का ज्ञान, कोयला नमूनाकरण और विश्लेषण, तेल विश्लेषण में कार्यक्षम/पर्यवेक्षी संवर्ग में योग्यता उपरांत 3 वर्षों का अनुभव (प्रशिक्षण अवधि के अतिरिक्त)। पॉवर प्लांट में अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को अतिरिक्त लाभ दिया जायेगा।

### अधिकतम आयु सीमा

30 वर्ष

### वेतनमान

रु. 40,000 – 1,40,000/– (ई 1 ग्रेड) रु. 40,000 के मूल वेतन पर

### रिक्तियां

| विषय | यूआर | ओबीसी | एससी | एसटी | कुल | पीडब्ल्यूबीडी हेतु चिन्हित अक्षमताओं के प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| इलेक्ट्रिकल | 44 | 17 | 10 | 04 | 75 | 1. बहरा और ऊंचे सुनने वाले<br>2. लोकोमोटर अक्षमता (ओए, ओएल) ठीक हो चुके कुष्ठ रोगी, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित सहित।<br>1 और 2 का संयोजन |
| मेकेनिकल | 63 | 28 | 17 | 07 | 115 | |
| इलेक्ट्रॉनिक्स | 15 | 10 | 03 | 02 | 30 | |
| इंस्ट्रूमेंटेशन | 15 | 10 | 03 | 02 | 30 | |
| सहायक केमिस्ट | 11 | 07 | 04 | 03 | 25 | लोकोमोटर अक्षमता (ओए, ओएल) ठीक हो चुके कुष्ठ रोगी, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित सहित। |

* ओए – एक बाँह, ओएल – एक पाँव

बीडब्ल्यूबीडी के लिए रिक्तियां सरकारी दिशा निर्देश के अनुसार।

ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए रिक्तियां सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अंतिम परिणाम के अधीन सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार है।

### स्वास्थ्य

अभ्यर्थियों का स्वास्थ्य अच्छा होना चाहिए। शामिल होने से पहले, अभ्यर्थियों को एनटीपीसी मेडिकल बोर्ड द्वारा चिकित्सा परीक्षण कराना होगा और बोर्ड का निर्णय अंतिम व बाध्यकारी होगा। स्वास्थ्य मानकों में किसी तरह की छूट नहीं मिलेगी। विस्तृत चिकित्सा मानदंड वेबसाइट : **www.ntpccareers.net** पर उपलब्ध हैं।

### सामान्य शर्तें

1. केवल भारतीय नागरिक आवेन के पात्र हैं।
2. सभी योग्यताएं भारत में मान्य और स्वीकृत विश्वविद्यालय/संस्थान से होना चाहिए।
3. आयु/आवश्यक अनुभव/योग्यता की सभी गणना विज्ञापन में उल्लेखित ऑनलाइन आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि के अनुसार की जायेगी। परिणाम की घोषणा/मार्कशीट जारी करने की तिथि योग्यता प्राप्त करने की तिथि माना जायेगा और इस कारण से कोई छूट नहीं होगी। पद/स्तर पर योग्यता उपरांत अनुभव केवल उक्त तिथि से गिना जायेगा।
4. यदि आवश्यक हो तो साक्षात्कार के लिये बुलाये जाने वाले अभ्यर्थियों की संख्या को सीमित करने के लिए प्रबंधन के पास ऑनलाइन स्क्रीनिंग/चयन परीक्षा आयोजित करने या आवश्यकतानुसार न्यूनतम पात्रता मानकों/मानदंडों को बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित है। चयन परीक्षा के मामले में अंतिम चयन ऑनलाइन लिखित परीक्षा के अंकों के 85% वेटेज और साक्षात्कार के अंकों के 15% वेटेज के आधार पर होगा। तथापि अभ्यर्थियों को ऑनलाइन लिखित परीक्षा और साक्षात्कार में अलग से योग्यता प्राप्त करना होगा। उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन के समय परीक्षा केन्द्रों के लिए अपनी पसंद का संकेत देना आवश्यक है। एनटीपीसी ने प्रतिक्रिया/व्यवहार्यता के आधार पर परीक्षा केन्द्रों को बदलने का अधिकार सुरक्षित रखा है।
5. किसी विशेष श्रेणी से संबंधित होने का दावा करने वाले अभ्यर्थियों द्वारा सक्षम प्राधिकरण से अपिव/अजा/अजजा/पीडब्ल्यूबीडी प्रमाणपत्र की एक प्रति, जैसा मामला हो, जमा करना आवश्यक है। अजा/अजजा अभ्यर्थियों के लिए 5 वर्ष, अपिव अभ्यर्थियों के लिए 3 वर्ष, पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थियों के लिए 10 वर्ष, जो अभ्यर्थी 01.01.1980 से 31.12.1989 तक सामान्य रूप से जम्मू कश्मीर राज्य से अधिशासित किये गये थे, को 5 वर्ष अधिकतम आयु में छूट प्रदान की गई है। पूर्व सैनिकों को आयु में छूट सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार। अजा/अजजा अभ्यर्थियों को योग्यता उपरांत अनुभव के लिए कुल वर्षों में 1 वर्ष की छूट दी जायेगी।
6. आवश्यकता के आधार पर कम्पनी बिना किसी और सूचना के और बिना कोई कारण बताये रिक्तियों को निरस्त/सीमित/घटाने/बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित रखती है।
7. पोस्टिंग एनटीपीसी के किसी स्टेशन/परियोजना/संयुक्त उद्यम/सहायक कंपनी में होगी। सभी पद प्रबंधन के स्वविवेक पर स्थानांतरणीय है।
8. किसी पद के लिए आवेदन करते समय, आवेदक को यह सुनिश्चत कर लेना चाहिये कि वह निर्दिष्ट तिथियों के अनुसार उपरोक्त पात्रता और अन्य मानदंडों को पूरा करता है और प्रस्तुत विवरण सभी तरह से सही है। यदि भर्ती के किसी चरण में यह पता चलता है कि कोई अभ्यर्थी पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है और/या उसने कोई गलत/झूठी जानकारी दी है या उसने कोई भौतिक तथ्य को दबाया है तो उसकी उम्मीदवारी स्वतः ही निरस्त हो जायेगी। यदि उसके नियुक्ति के बाद भी उपरोक्त में से किसी त्रुटि का पता चलता है तो उसकी सेवा बिना किसी सूचना समाप्त कर दी जायेगी।
9. केवल इस तथ्य पर किसी अभ्यर्थी ने विज्ञापन के अनुसार आवेदन प्रस्तुत किया है और विज्ञापन में निर्धारित मानदंड को पूरा करता प्रतीत होता है तो भी उसे निश्चित रूप से परीक्षा/साक्षात्कार/आगे चयन प्रक्रिया के बुलाये जाने के अधिकार प्राप्त नहीं हो जायेगा।
10. इस विज्ञापन से उत्पन्न होने वाले किसी भी दावे या विवाद के संबंध में और/या उसके प्रतिक्रिया में कोई आवेदन केवल दिल्ली में ही स्थापित किया जा सकता है और केवल दिल्ली में न्यायालय/न्यायाधिकरण/फोरम के पास ऐसे किसी कारण/विवाद के निराकरण के प्रयास करने का एकमात्र और विशेष अधिकार होगा।
11. यदि अंग्रेजी के अलावा अन्य संस्करणों में व्याख्या के कारण कोई अस्पष्टता/विवाद उत्पन्न होता है, तो अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

### आवेदन कैसे करें

इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन करने के लिए हमारी वेबसाइट **www.ntpccareers.net** पर लॉगऑन करें। आवेदन का कोई अन्य साधन/विधि स्वीकार नहीं किया जायेगा। अभ्यर्थियों के पास एक वैध ई–मेल आईडी होनी चाहि। अभ्यर्थियों को भेजी गई किसी भी ई–मेल के वापस आने के लिए एनटीपीसी जिम्मेवार नहीं होगा।

सामान्य/ईडब्ल्यूएस/अपिव श्रेणी के अभ्यर्थियों को रु.300/– का अप्रतिदेय पंजीकरण शुल्क का भुगतान करना आवश्यक है। अजा/अजजा/पीडब्ल्यूबीडी/पूर्व सैनिकों श्रेणी और महिला अभ्यर्थियों को पंजीकरण शुल्क भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है। भुगतान **ऑनलाइन या ऑफलाइन विधि** से किया जा सकता है।

### (अ) ऑफलाइन तरीके से भुगतान

एनटीपीसी की तरफ से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की सीएजी शाखा, नई दिल्ली में विशेष रूप से खोले गए खाता (संख्या **30987919993**) में पंजीयन शुल्क संग्रह के लिए अधिकृत किया गया है। अभ्यर्थी "पे–इन–स्लिप" के प्रिंटआउट के साथ निकट की एसबीआई शाखा से संपर्क कर सकते हैं जो आवेदन पंजीयन पोर्टल पर उपलब्ध है। आवंटित खाते में शुल्क राशि उपयुक्त तरीके से जमा करने के लिए केवल पोर्टल से मुद्रित पे–इन–स्लिप ही उपयोग में लाई जानी चाहिए। शुल्क प्राप्त होने पर बैंक द्वारा एक यूनीक जर्नल नंबर और एक ब्रांच कोड जारी किया जाएगा। अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन पंजीयन के दौरान यह जर्नल नंबर और ब्रांच कोड भरा जाएगा। यदि अभ्यर्थी द्वारा किसी गलत खाते में शुल्क जमा कर दिया जाता है तो ऐसी स्थिति में एनटीपीसी जिम्मेदार नहीं होगा।

### (ब) ऑनलाइन तरीके से भुगतान

अभ्यर्थी के पास ऑनलाइन (नेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड के माध्यम से) भी शुल्क भुगतान करने का विकल्प है। ऑनलाइन भुगतान का विकल्प वेबसाइट में उपलब्ध होगा। ऑनलाइन आवेदन के लिए आगे बढ़ने से पहले अभ्यर्थी को भुगतान करना आवश्यक है। सफल भुगतान करने के बाद ऑनलाइन आवेदन में चालान संख्या, बैंक संदर्भ संख्या, भुगतान की तिथि भरना आवश्यक है।

एक बार भुगतान किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जायेगा। इसलिए अभ्यर्थियों से निवेदन है कि पंजीकरण शुल्क का भुगतान से पहले अपनी पात्रता की पुष्टि कर लें।

ऑनलाइन आवेदन के दौरान अभ्यर्थियों को अपनी तस्वीर, हस्ताक्षर और आवेदन शुल्क भुगतान का प्रमाण अपलोड करना आवश्यक होगा। सभी अटैचमेंट जेपीजी/जेपीईजी फॉर्मेट <500 केबी साइज में होनी चाहिए।

ऑनलाइन आवेदन करने के बाद विशिष्ट पंजीकरण संख्या के साथ सिस्टम द्वारा सृजित पंजीकरण स्लिप डाउनलोड करना होगा। पंजीकरण स्लिप की प्रतिलिपि भविष्य के संदर्भ के लिए अभ्यर्थी द्वारा रखा जा सकता है। डाक द्वारा हमें कोई दस्तावेज भेजने की आवश्यकता नहीं है।

यह अनिवार्य है कि पात्र अभ्यर्थी विज्ञापन के पूर्ण विषय वस्तु को पढ़ लें और पद के लिये आवेदन करते समय दी गई सभी शर्तों से सहमत हों।

| | |
|---|---|
| **आवेदन के ऑनलाइन पंजीयन की शुरुआत** | **15.07.2020** |
| **आवेदन के ऑनलाइन पंजीयन की अंतिम तिथि** | **31.07.2020** |

**एनटीपीसी लिमिटेड**
*(भारत सरकार का उद्यम)*

एनटीपीसी भवन, स्कोप कॉम्प्लेक्स, 7, इंस्टीट्यूशनल एरिया,
लोधी रोड, नई दिल्ली–110003 **वेबसाइट www.ntpc.co.in**
**सीआईएन :** L40101DL1975GOI007966

Advt No. 03/20
(detailed advt.)

Follow us on /ntpc1 /ntpcltd1 /ntpclimited /company/ntpc

*विद्युत क्षेत्र में अग्रणी*